प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक: 27 अक्टूबर, 2024 :

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज भवन में दीपशिखा, बाल विकास एवं मानसिक स्वास्थ्य संस्थान (पुरश्री की एक इकाई), राँची का एक शिष्टमंडल श्रीमती प्रियंका जालान के नेतृत्व में भेंट की। इस अवसर पर शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय को दीपशिखा द्वारा मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।

राज्यपाल महोदय ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के हित में समर्पित रूप से कार्य करना अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को समाज के सभी वर्गों से निरंतर प्रोत्साहन और सहयोग की आवश्यकता है, ताकि वे जीवन में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर सकें।

---

(2) माननीय राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज भवन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, राँची के कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल महोदय को कुलपति ने विश्वविद्यालय की अद्यतन शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी।

---

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज भवन में श्री पंकज कुमार पोद्दार के नेतृत्व में सद्गुरु अपना घर ट्रस्ट का एक शिष्टमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय को संस्था की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया।

---

(4) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज भवन में आईसीएआई इंस्टीट्यूट, रांची चैप्टर का एक शिष्टमंडल ने भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को संस्था की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया।

---

(5) माननीय राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज भवन में झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति प्रो. (डॉ.) डी.के. सिंह ने भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को विश्वविद्यालय की अद्यतन शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया।

---

(6) माननीय राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज भवन में राँची विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ० अजीत कुमार सिन्हा ने भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को विश्वविद्यालय की अद्यतन शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया।

---

(7) 'अंतर्राष्ट्रीय डिस्लेक्सिया जागरूकता माह' पर लाल रोशनी से रोशन हुआ राज भवन

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार के निदेश पर 'अंतर्राष्ट्रीय डिस्लेक्सिया जागरूकता माह' के अवसर पर डिस्लेक्सिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इससे प्रभावित लोगों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने हेतु 'गो रेड' थीम के अंतर्गत आज राज भवन, राँची को विशेष रूप से लाल रोशनी से सजाया गया।

विदित हो कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज में डिस्लेक्सिया जैसी चुनौती के बारे में जागरूकता फैलाना और इसे समझने के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने को प्रोत्साहित करना है, ताकि इस स्थिति से जूझ रहे व्यक्तियों को बेहतर समर्थन और प्रोत्साहन मिल सके।

---

(8) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज श्रीमती आरती सिंह, प्रदेश अध्यक्ष, महिला मोर्चा, भारतीय जनता पार्टी का एक शिष्टमंडल राज भवन में भेंट की तथा हाल ही में, माननीय मंत्री, झारखंड सरकार श्री इरफान अंसारी द्वारा सार्वजनिक मंच पर श्रीमती सीता सोरेन के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने की निंदा करते हुए एक ज्ञापन समर्पित किया।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि झारखंड के सामाजिक और राजनैतिक जीवन में श्रीमती सीता सोरेन जी का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण और सम्मानजनक है। राज्य के एक आदिवासी जन-प्रतिनिधि के खिलाफ इस तरह के अशोभनीय शब्द का प्रयोग अत्यंत निंदनीय है। शिष्टमंडल द्वारा यह भी ध्यान आकृष्ट किया गया कि माननीय मंत्री श्री इरफान अंसारी द्वारा इस अपमानजनक बयान के अतिरिक्त श्रीमती सीता सोरेन को परेशान करने के उद्देश्य से जामताड़ा थाने में एक फर्जी मामला भी दर्ज करवाया है।

शिष्टमंडल द्वारा राज्यपाल महोदय से माननीय मंत्री श्री इरफान अंसारी को मंत्री पद से तत्काल बर्खास्त करने के साथ उन्हें चुनाव लड़ने से भी प्रतिबंधित करने हेतु आग्रह किया। शिष्टमंडल ने कहा कि ऐसे व्यक्ति, जो आदिवासी समाज के प्रति अपमानजनक और असंवेदनशील दृष्टिकोण रखते हैं, उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति देना राज्य के आदर्शों के विपरीत है।